बाल भारती पब्लिक स्कूल , पीतमपुरा

कक्षा - ४ दिनांक - २७.०४.२०२०

विषय - व्याकरण उपविषय – संज्ञा

संज्ञा

नाम शब्दों की पहचान कराऊँ
संज्ञा मैं कहलाऊँ

पढ़ें और समझें

- तनु रोहिणी में रहती है |
- तनु के हाथ में गेंद है |
- गेंद पाकर तनु की ख़ुशी देखते ही बनती है|

ऊपर लिखे वाक्यों में रेखांकित शब्द तनु , रोहिणी , गेंद , ख़ुशी को देखें |

ये शब्द या तो किसी व्यक्ति का नाम हैं (तनु), या किसी वस्तु का नाम हैं (गेंद), या स्थान का नाम हैं (रोहिणी) या मन के भाव का नाम है (ख़ुशी) |

इस तरह, संज्ञा का एक शब्द में अर्थ है "नाम '

किसी व्यक्ति /प्राणी , वस्तु, स्थान, या मन के भाव आदि का बोध करवाने वाले शब्द संज्ञा कहलाते हैं |



समझें और लिखें (उत्तर पुस्तिका कार्य):

नीचे लिखे वाक्यों में रंगीन शब्द किसी न किसी के नाम हैं | इन नामों को नीचे बने वर्गों में उनके उचित स्थान पर लिखें:

शहर में सर्कस लगा है | बच्चे अपने माता -पिता के साथ सर्कस देखने आए हैं | कुछ लोग टिकट -घर से टिकट खरीद रहे हैं | कुछ कलाकार झूले पर लटककर करतब दिखा रहे हैं |उनके करतब देख कर बच्चों की ख़ुशी का ठिकाना न रहा | जादूगर अपना जादू का खेल दिखा रहा है| उसकी जादूगरी ने सबका मन मोह लिया | हाथी और शेर अपना खेल दिखा रहे हैं |एक लड़की रस्सी पर चल रही है |

व्यक्ति /प्राणी	वस्तु	स्थान	भाव

बूझो तो जानें

(मौखिक अभ्यास)

सामान्य ज्ञान (GENERAL KNOWLEDGE)

- उत्तर भारत में सबसे पवित्र नदी कौन-सी मानी गई है ?
- इस नदी का उद्गम कहाँ से होता है ?
- इन दिनों नदियों के पानी के साफ़ होने का क्या कारण है ?
- गंगा के दो पर्यायवाची बताइए|